फ्रेंडशिप डे | आज पूरा दिन दोस्तों के साथ बिताकर होगा एंजॉय

फ्रेंडशिप बैंड और गिफ्ट देकर मनायेंगे दोस्ती का दिन

नवभारत, जबलपुर। सबसे अच्छे दोस्त, चाहे वे पास हों या दूर, जीवन के उतार-चढ़ाव से निपटने में हमारी मदद करते हैं। हमारे दुख और सुख में हमेशा खड़े होते हैं, हमारे जीवन को खूबसूरत बनाते हैं। यही वजह है कि दोस्ती का रिश्ता बेहद खास होता है। कहते हैं कि एक किताब इंसान की सबसे अच्छी दोस्त होती है, लेकीन एक सच्चा दोस्त पूरा पुस्तकालय होता है। मुसीबत कैसी भी हो दोस्त अक्सर कंधे से कंधा मिलाकर साथ खड़े रहते हैं, वैसे तो दोस्ती जताने का हर दिन होता है, लेकिन हर साल अगस्त माह के पहले संडे को फ्रेंडशिप डे मनाया जाता है। आज दोस्तों के बीच इस दिन को मनाया जाएगा। जिसके लिए बजारों में दोस्तों के लिए फ्रेंडशिप बैंड और गिफ्ट की दुकानों में भीड़ देखने को मिली।

एक- दूसरे को बांधेंगे फ्रेंडशिप बैंड

बच्चों से लेकर बड़े तक इस फ्रेंडशिप डे को हमेशा से मानते आए हैं, जिसमें देखा जाता है कि स्कूल के दिनों से ही सभी दोस्त एक- दूसरे को फ्रेंडशिप बैंड बांधते हैं और गिफ्ट भी देते हैं। जिसका सिलसिला लगातार जारी रहा है। वही फ्रेंडशिप डे को देखते हुए बाजारों में फ्रेंडशिप बैंड की दुकानों में भीड़ देखने को मिली, जहां यंगस्टर्स अपने दोस्तों के लिए तरह-तरह के फ्रेंडशिप बैंड और गिफ्ट खरीदे।

बारिश का मौसम और दोस्तों का साथ

हर वर्ष की तरह फ्रेंडशिप डे अगस्त माह में ही आता है, जो बारिश का मौसम होने के कारण और भी खास हो जाता है। सबसे अच्छी बात यह है कि अगस्त माह के संडे में पड़ने वाला फ्रेंडशिप डे पर सभी लोगों को छुट्टियां भी मिल जाती है। जिसके चलते सभी दोस्त आपस में मिलकर इस बारिश के मौसम में घूमने, पिकनिक मनाने का प्लान किया है। जिसके चलते शहर की कई ऐसी जगह है जहां पर बारिश के मौसम में सभी फ्रेंड सर्कल घूमने जाएंगे और इस दोस्ती के दिन को खास बनाएंगे।

इनका कहना है

हमने फ्रेंडशिप डे पर हम सभी दोस्त घूमने जाने का प्लान किया है, जहां सभी दोस्त इंजॉय करेंगे और पिकनिक मनाएंगे।

आंचल

फ्रेंडशिप डे के लिए सभी दोस्तों को फ्रेंडशिप बैंड और गिफ्ट देते है, जिसके बाद मूवी और रेस्टोरेंट-कैफे में पार्टी करेंगे।

जूही

नवरात्रि में शक्ति की पूजा की जाती है : चंद्रशेखरानंद

जबलपुर। श्री सिद्ध शक्तिपीठ कालीधाम गौरीघाट जबलपुर में चल रही श्री मद देवी भागवत महापुराण समापन दिवस के अवसर पर व्यास पीठ से कालीमठ के महंत चंद्रशेखरानंद ने देवी भागवत महापुराण की कथा में बताया कि नवरात्रि के पावन पर्व पर देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है और प्रत्येक दिन एक विशेष रूप को समर्पित होता है शुंभ और निशुंभ जो कि बहुत शक्ति शाली राक्षस थे, ने देवताओ को परेशान कर रखा था और स्वर्ग पर भी कब्जा कर लिया था। देवताओ ने देवी दुर्गा से मदद मांगी और राक्षसों का वध किया, विभिन्न रूपों में विशेष कर मां कालरात्रि के रूप में रक्त बीज जैसे राक्षसों का भी संहार किया।

इस अवसर पर कालीधाम के संस्थापक एवं संचालक दंडी स्वामी कालिकानंद सरस्वती स्वामी प्यारेनंद महाराज का भी चातुर्मास काल में कथा श्रवण कर रहे है। कालीधाम कालीमठ शिष्य

परिवार के भैयाराम राम अवस्थी, पूरन सिंह राजपूत, अनिल उसरेटे, अजय यादव, सत्यनारायण अग्रवाल, महिपाल राजपूत, बंटी महाराज, श्याम लाल कहार आदि श्रृद्धालु उपस्थित थे।

दंडी स्वामी कालिकानंद का जन्मोत्सव आज

श्री सिद्ध शक्तिपीठ कालीधाम गौरीघाट के संस्थापक एवं संचालक तपोनिषठ शूल साधक श्री दंडी स्वामी कालिकानंद सरस्वती स्वामी प्यारेनंद सरस्वती महाराज का 92 वॉ जन्मोत्सव आज 3 अगस्त को कालीधाम परिसर में शिष्य परिवार द्वारा प्रात: 11 बजे से मनाया जायेगा। कालीधाम के अनिल उसरेटे ने बताया कि गुरूदेव के जन्मोत्सव पर प्रात:काल 6 से मॉ भगवती का षोडोपचार विधि से महाभिषेक आचार्य पुरोहितों के मंत्रोच्चारण के साथ किया जायेगा।

एक नजर में

गेम्स, डांस के साथ मनाया हरियाली उत्सव

जबलपुर। मध्य प्रदेश में राँझी बटालियन में हरियाली महोत्सव का आयोजन न्यू लुक में सैलिब्रेट किया गया। जिसमे उठमणी, पूजा, किरन, ऊषा, सुशबू, रंजना, प्रियंडा रेखा, रजनी, अनीता, छाया ग्रुप की महिलाओं ने गेम्स, डान्स के साथ हरियाली उत्सव मनाया।

फलदार व औषधि पौधों का रोपण

जबलपुर। न्यू शिक्षा प्रसार एवं समाज कल्याण समिति द्वारा ग्वारीघाट भटौली में कटहल, जामुन, आम अर्जुन, आवला आदि फलदार व औषधि पौधों का पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर संस्था से हेमंत सोलंकी, श्वेता मिश्रा, जितेंद्र पगारिया, नीरज रजक, रश्मि सोलंकी, रवि रजक, अशोक ठाकुर, सतीश गोस्वामी, संतोष बर्मन, राधिका जाटव आदि उपस्थित थे।

कांवड़ यात्रा का हुआ भव्य स्वागत

जबलपुर। श्री श्याम खाटू शिव शक्ति मंदिर गोरखपुर से भव्य और और धार्मिक आस्था से ओतप्रोत कांवड़ यात्रा निकाली गई। गौरी घाट में पवित्र जल भराव और पूजन अर्चन के साथ समापन हुआ। यहां कांवड़ियों के साथ ही बड़ी संख्या में नारी शक्ति की उपस्थिति रही । संयोजक बबलू यादव ने आभार प्रकट किया। समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। विभिन्न संगठनों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

सैकड़ों पीड़ितों को मिला परामर्श, नि :शुल्क हुई जांचें

जबलपुर। पीड़ित मानवता की सेवा का कार्य लागातार हम हैं न

फाउण्डेशन के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासियों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर के दौरान महामंडलेश्वर स्वामी आत्मानन्द गिरि महाराज जूना अखाड़ा, कपिल चौबे, इंजी शरद विश्वकर्मा, मोनू चौबे, विपिन राजपूत, तरुण चतुर्वेदी, बलराम पटेल आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

नवनिर्वाचित छात्र नेताओं ने ली पद की शपथ

जबलपुर। हाथीताल स्थित सनातनधर्म पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में छात्र परिषद 2025-26 का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डी. आर. सेठी, अध्यक्ष सी. के. भनोट, कोषाध्यक्ष राकेश गुप्ता एवं सचिव अनुपम आनंद उपस्थित रहे नवनिर्वाचित छात्र नेताओं ने अपने पद की शपथ ली और विद्यालय की प्रगति और अनुशासन के प्रति समर्पण का संकल्प लिया। प्राचार्या मौलश्री दुबे ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को अपने कर्तव्य और अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में हेड ब्वॉय कारन यादव, हेड गर्ल संध्यापटेल, वाइस हेड ब्वॉय नमन कुशवाहा, वाइस हेड गर्ल कुमकुम कुशवाहा ने अपने-अपने पद की गरिमा बनाए रखने एवं कर्तव्य परायणता की शपथ ली। इसी तारतम्य में स्पोर्ट्स एवं कल्चरल हेड बॉय हेड गर्ल एवं उच्च और उच्चतर विद्यालय से प्रीफेक्ट ने भी शपथ ली।

लोगों से की अंगदान जैसा महादान करने की अपील

▸ मेडिकल कॉलेज में मनाया 15वां राष्ट्रीय अंगदान दिवस

जबलपुर। नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज, जबलपुर के तत्वावधान में 15वां राष्ट्रीय अंगदान दिवस पूरे उत्साह और जनभागीदारी के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. नवनीत सक्सेना उपस्थित थे। डॉ. नवनीत सक्सेना द्वारा अंगदान की महत्त्वता और अंगदान से जुड़े तत्य भी साझा किए, तथा सभी लोगो से अंगदान जैसा महादान करने की अपील की तथा खुद भी अंगदान करने के अपने दृढ़ संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह कॉलेज परिसर

से जनजागरूकता रैली के साथ हुई। रैली सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल से प्रारंभ होकर डीन ऑफिस होते हुए मेडिकल कॉलेज के न्यू एकेडमिक ब्लॉक तक निकाली गई। रैली में चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, मेडिकल छात्रों, सामाजिक संगठनों व नागरिकों की भागीदारी रही। इसके पश्चात मरणोपरांत अपने अंगों का दान करने वाले स्व. बालिराम पटेल एवं स्व. पुरानलाल चौधरी के परिजनों को प्रशस्ति पत्र व उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अंग प्रत्यारोपण से जुड़े कार्यों में उत्कृष्ट सेवा देने वाले नर्सिंग स्टाफ, तकनीशियन और ट्रांसप्लांट को-ऑर्डिनेटर को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर प्रोफेसर डॉ. अवधेश प्रताप सिंह कुशवाह, संयुक्त संचालक डॉ. अरविंद शर्मा, अधीक्षक सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल डॉ. जितेन्द्र गुप्ता, अधीक्षक स्टेट कैंसर हॉस्पिटल डॉ. लक्ष्मी, किडनी ट्रांसप्लांट यूनिट के नोडल ऑफिसर एवं यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. फानिंद्र सोलंकी, डॉ. तुषार धकाते, डॉ. नीरज जैन, डॉ. रत्नेश रोकड़े, डॉ. पवन अग्रवाल, डॉ. शैलेन्द्र रात्रे, डॉ. जितिन बजाज, डॉ. अपर्णा तामसकर और अन्य वरिष्ठ चिकित्सक व स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही।

शहीदी दिवस पर पौधरोपण और रक्तदान शिविर आज

जबलपुर। सिख धर्म के नवमें नानक हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350 वें पवित्र शताब्दी शहीदी दिवस के तहत सिख नारी मंच एवं सिख सेवक जत्थे द्वारा आज 3 अगस्त को प्रात: 10 बजे से शाम 4 बजे तक गुरुद्वारा ग्वारीघाट में 350 पौधों से वृहत वृक्षारोपण किया जाएगा और रक्तदान शिविर लगेगा । महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू मुख्य अतिथि होंगे। प्रधान साहब गुलजीत सिंह साहनी, मनमोहन सिंह एवं श्रीमती ब्रिज कौर आनन्द ने साध संगत से उपस्थिति की अपील की है।

मुस्कान के सर्जन, डेंटिस्ट की बदलती भूमिका

▸ हितकारिणी डेंटल कॉलेज में ग्रेजुएशन डे का आयोजन

जबलपुर। दंत चिकित्सा न केवल एक पेशा है बल्कि एक सेवा और एक जिम्मेदारी भी है। आपकी चिकित्सा न केवल रोगी के दर्द का उपचार करती है बल्कि उनकी मुस्कान, आत्मविश्वास और जीवनशैली को भी नया आकार देती है। उक्त बातें हितकारिणी डेंटल कॉलेज और अस्पताल में आयोजित ग्रेजुएशन डे के अवसर पर मुख्य अतिथि जबलपुर मेडिकल युनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ अशोक खंडेलवाल ने कहीं। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ राजेश धीरावाणी ने कहा कि नई तकनीकों और डिजिटल क्रांति

के बीच दंत चिकित्सा में भी नए रिसर्च पहले से कहीं अधिक हो गए हैं। इस दौरान बीडीएस पासआउट स्टुडेंट्स को पारंपरिक परिधान में मंच पर आमंत्रित कर डिग्रियां प्रदान की गयी। साथ ही विश्वविद्यालय के टॉपर्स डॉ अदिति परांजपे, डॉ यशविनी जैन, डॉ आयशा राठौर, डॉ करूणा मंगलानी, डॉ सानिया अरोरा, डॉ श्रेया शर्मा, डॉ तान्या जैन को गोल्ड मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मेडिकल युनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ पुष्पराज बघेल आदि उपस्थित रहे।

छात्राओं ने 50 पौधे किए रोपित

जबलपुर। शासकीय मोहनलाल हरगोविंद दास गृह विज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय, जबलपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम देवरी सुरैया (पाटन), जिसे महाविद्यालय द्वारा गोद लिया गया है, में एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रीना भैरम, माधुरी खांडेलकर एवं स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। छात्राओं ने अपनी माताओं को समर्पित करते हुए आम, आंवला, जामुन, गुलमोहर, अमरूद एवं अन्य फलदार पौधों सहित कुल लगभग 50 पौधे रोपित किए। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत देवरी सुरैया के जनप्रतिनिधियों एवं सम्माननीय नागरिकों की उत्साहजनक उपस्थिति रही।

साइबर सिक्योरिटी एडवाइजरी पहुंचाएगा वर्किंग ग्रुप

जबलपुर। विद्युत क्षेत्र से संबंधित भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल सहित अन्य साइबर सुरक्षा संस्थाओं से प्राप्त एडवाइजरी के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) में गठित वर्किंग ग्रुप की पहली बैठक हाल ही में मुख्यालय जबलपुर में आयोजित की गई। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि वर्किंग ग्रुप के सदस्य एडवाइजरी को संबंधित कार्मिकों से समन्वय स्थापित कर, कंपनी के सबसे निचले स्तर तक साझा करेंगे। यह समूह साइबर सुरक्षा के प्रति कर्मचारियों में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ ज्ञान एवं विचारों के आदान-प्रदान, केस स्टडीज़ के साझा करने तथा बेहतर साइबर व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए भी कार्य करेगा। बैठक की अध्यक्षता एसएलडीसी के सिस्को आर.के. गुप्ता द्वारा की गई, जबकि कंपनी के सिस्को डॉ. हिमांशु श्रीवास्तव बैठक के संयोजक रहे। जबलपुर से बाहर पदस्थ सदस्यों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया।

नेशनल हॉस्पिटल
स्थान: 703, गोलबाजार, जबलपुर
फोन नं.: 0761- 2412612, 2414612
C.G.H.S. C.S.M.A. E.S.I.C. एवं आयुष्मान द्वारा मान्यता प्राप्त
सुपर स्पेशिलिटी विभाग ● हृदय रोग (एंजियोग्रॉफी, एंजियोप्लॉस्टी, पेसमेकर) ● न्योरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी (लकवा, मिर्गी, मूवमेन्ट डिसआर्डर, स्पाईन सर्जरी, हेड इन्जरी, ब्रेन ट्यूमर) ● यूरोलॉजी (मूत्र के सभी रोगो का इलाज एवं ऑपरेशन, प्रोस्टेड के ऑपरेशन लेज़र द्वारा किडनी की पथरी के ऑपरेशन) ● शल्य चिकित्सा (हर्निया, अपेन्डिक्स, पाईल्स, फिस्टुला व आंतो में छेद एवं पेट के सभी ऑपरेशन) ● हड्डी रोग (हिप एवं नी रिप्लेशमेन्ट) ● छाती रोग ● नेफ्रोलॉजी (डायलिसिस) ● स्त्री रोग (हाई रिस्क प्रेगनेन्सी) ● नेत्र रोग ● शिशु रोग
28 वर्षो से जहर, सर्पदंश, डेंगू, एक्सीडेंट, ट्रामा एवं अन्य एम.एल.सी. के मरीजों में सर्वाधिक जीवन रक्षा का कीर्तिमान

FIRST TIME IN INDIA
भारत में पहली बार एक मात्र आयुर्वेदिक सेंटर जहां पर ठीक होने के बाद पैसा देना पड़ता है
स्पर्श आयुर्वेदा रिसर्च
सुरक्षित आयुर्वेदिक उपचार
1013 नरसिंह बिल्डिंग अपना बाजार के सामने रानीताल चौक, जबलपुर
मो. नं. 8234092477, 9713951308, 9302791019
विशेष- एक दिन पहले नंबर लगाये।
उपलब्ध उपचार-
शुगर किडनी हार्ट ब्लाकेज सिरोसिस सफेद दाग लकवा माइग्रेन साईटिका घुटनों में दर्द एवं गेप सेक्स प्रॉब्लम (स्त्री/पुरुष) अस्थमा
IBS PCOD/PCOS FATTY LEVER CANCER

कार्यक्रम | आर्केस्ट्रा म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा प्रोग्राम का आयोजन

वो जमाना करे दीवाना, याद ए रफी कार्यक्रम

जबलपुर, नवभारत। आर्केस्ट्रा म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा याद ए रफी प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसकी थीम मोहम्मद रफी के सदाबहार गीतों पर आधारित थी। इस कार्यक्रम में शहर के जाने-माने कलाकारों ने हिस्सा लिया। प्रोग्राम का आगाज़ ग्रुप के पप्पू यादव के द्वारा बुजुर्ग कलाकारों का सम्मान कर किया गया जिसके बाद सतरूपा और अरुण ने पुकारता है दिल और मेरा खोया खोया चांद गीत गाकर दर्शन होगी खूब बाबई बटोरी। इस दौरान मंच का संचालन अयाज मंसूरी द्वारा किया गया वहीं ग्रुप के वसीम, मयंक, प्रेरणा और दामिनी ने लाइव ऑर्केस्ट्रा पर तेरे नाम का दीवाना

यह दिल, तेरी बिंदिया रे, तैयब अली प्यार के दुश्मन जैसे शानदार गीत श्रोतागणों के सामने पेश किए। भारी बारिश के बाद भी लोगों ने गीतों का खूब आनंद उठाया इस अवसर पर पप्पू यादव, वसीम, मीनाक्षी, अरुण, दामिनी जैसे आदि कलाकार मौजूद रहे।

इनका कहना है

बारिश को देखते हुए लग नहीं रहा था कि प्रोग्राम इतना शानदार तरीके से संपन्न हो पाएगा। लेकिन मोहम्मद रफी के गीतों की बात ही निराली है। **दीपक नायक**

मैंने भी कार्यक्रम में मुझे तेरी मोहब्बत का, ओ अब आन मिलो सजना जैसे सदाबहार नगमे दर्शनों के सामने प्रस्तुत किए। **प्रिंसी समैया**

कुलगुरु ने 5 वर्ष में किए गए कार्यों की प्रगति को देखा

जबलपुर। नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर मनदीप शर्मा द्वारा पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर के सभाकक्ष में मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर ,स्कूल आफ वाइल्डलाइफ एंड फॉरेंसिक हेल्थ तथा एनिमल बायोटेक्नोलॉजी की समीक्षा बैठक ली। जिसमें विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, सह प्राध्यापक एवं सहायक प्राध्यापको के शैक्षणिक ,अनुसंधान एवं विस्तार तथा अन्य उपलब्धियो के 5 वर्ष में किए गए कार्यों की समीक्षा की। ग़ौरतलब है कि कुलगुरु महोदय पूर्व में की सभी बैठकों में छात्र -छात्राओं व पशुपालकों के लिए कार्यों पर बहुत जोर देते रहे हैं। उसी के तारतम्य में सभी फैकेल्टी द्वारा किए गए 5 वर्ष के कार्यों को उन्होंने देखा जिस हेतु पूर्व में ही एक निर्धारित प्रपत्र के माध्यम से सभी से जानकारी ली गई। बैठक में कुलसचिव डॉ एस एस तोमर, डॉक्टर एस के जोशी, डॉक्टर सुनील नायक, डॉ आरके शर्मा, डॉ एस के महाजन, डॉ शोभा जबरे, डॉक्टर मोहन सिंह ठाकुर, डॉ अंजु नायक, डॉ बी रॉय, डॉ देवेंद्र गुप्ता, पूनम शाक्य तथा मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, एनिमल बायोटेक्नोलॉजी व स्कूल आफ वाइल्डलाइफ एंड फॉरेंसिक के सभी प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

प्रवेश सूचना | प्रवेश सूचना | प्रवेश सूचना
रेवा बी.एड. कॉलेज (कॉलेज कोड-2174)
NCTE उच्च शिक्षा विभाग व रानी दुर्गावती वि.वि. से मान्यता प्राप्त
* ऑनलाईन पंजीयन/आवेदन -15/07/2025 से 18/07/2025 *आवंटित हेल्प सेंटर पर मूल्यदस्तावेजों टीसी माइग्रेशन के साथ भौतिक सत्यान हेतु उपस्थित होकर लिंक इनिशिएट करना-23/07/2025 से 25/07/2025 * आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश शुल्क का भुगतान प्रारंभ करना आवंटित महाविद्यालय में शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि (प्रवेश शुल्क का भुगतान किए गए आवेदकों का ही प्रवेश मान्य होगा)- 23/07/2025 से 26/07/2025
साँई डी.एड. कॉलेज
(कॉलेज कोड-71209)
माध्यमिक शिक्षा मण्डल से मान्यता प्राप्त
67, महाकौशल नगर, अधारताल, जबलपुर
मो. 9425868370, 9407183087

(नर्सरी से बारहवीं तक) हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम
होली लाईट चिल्ड्रन्स ऐकेडमी हॉयर सेकेण्डरी स्कूल
शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारम्भ
Holy Light Children's Academy Higher Secondary School
स्थापना- 1992 डाईस कोड- 23390231102 पंजी.क्र. JJ1162 संस्था कोड- 712304
नोट- गरीबी रेखा कार्ड धारकों को फीस की विशेष सुविधा
● अभिभावकों को मोबाईल एप द्वारा विद्यालय की समस्त जानकारी लाईव ● अनुभवी शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा अध्यापन, स्वस्थ शिक्षा वातावरण ● खेलकूद के लिये मैदान व शाला भवन की स्थाई ईमारत ● विशिष्ट शिक्षण विधियों द्वारा अध्यापन, नैतिक एवं पारम्परिक संस्कारों एवं आधुनिक ● विचारों से सुसज्जित शिक्षा ● पेंटिंग, ड्राईंग, योग कक्षा, जूडों का विशेष प्रशिक्षण, कम्प्यूटर शिक्षा की व्यवस्था ● पिकनिक, आनंद मेला, वार्षिकोत्सव व क्राफ्ट प्रदर्शनी का प्रत्येक वर्ष आयोजन
1250/1, Jai Prakash Nagar, Adhartal, Jabalpur (MP) 482004 Mob: 9301646302, 9407059444